卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 300 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦11 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## रुड़की में पहचान बदलकर रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

### चोरी छिपे भारत में घुसा,पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट, पूछताछ जारी



रूड़की(उद संवाददाता)। बांग्लादेश में बवाल के बीच रुड़की में एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने एक चोरी छिपे पहचान बदलकर रह रहे एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट हो गया है। सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेशी लगातार बयान बदल रहा है। कभी तीन महीने पहले आने की बात बोल रहा है तो कभी तीन दिन पहले आने की। पुलिस बांग्लादेशी से गहनता से पूछताछ कर रही है। खुफिया विभाग की ओर से सोशल मीडिया पर की जा रही प्रतिक्रियाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में भी प्रतिक्रियाओं पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस और खुफिया विभाग की ओर से हरिद्वार जिले से बांग्लादेश में रहने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि, अभी तक हरिद्वार जिले से बांग्लादेश (शेष पेज सात पर)

## गौमूत्र टैंक की सफाई करते दंपत्ति की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोमूत्र का टैंक सफाई करने के दौरान दंपती की दम घुटने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मुखानी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। दपंती मूलरूप से पीलीभीत जिले के बीसलपुर ग्राम रजऊ के रहने वाले थे। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी जगदीश जोशी की बिठोरिया नंबर एक में गोशाला है। जहां पर पीलीभीत जिले के रजऊ कस्बा निवासी 40 वर्षीय मटरू लाल काम करता है और परिवार के साथ यहीं पर रहता है। गौशाला के मालिक जगदीश के अनुसार आज सुबह उन्होंने टैंकर मांगकर गोमूत्र का टैंक साफ करवाया। टैंक में थोड़ा गोमूत्र बच गया था। जिसे साफ करने के लिए मटरू गो मूत्र के गड्ढे में उतर गया। तभी दम घुटने से वह टैंक के अंदर बेहोश हो गया। पति को बेहोश पड़ा देखा 35 वर्षीय पत्नी रानी उन्हें बचाने के लिए टैंक में गई। जैसे ही वह गड्ढे में उतरी तभी उसका भी दम घुट गया और वह भी बेहोश हो गई। दोनों पति–पत्नी को बेहोश होता देख जगदीश जोशी ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बमुश्किल टैंक से बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए कालाढूंगी रोड स्थित निजी चिकित्सालय में भिजवाया। जहां उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। दोनों को एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पति–पत्नी को मृत घोषित कर दिया। परिजन दोनों शवों को वापस घर ले गए। लेकिन जगदीश जोशी ने मामले की सूचना मुखानी थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने घटना स्थल पहुंचकर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के तीन बच्चे हैं और मृतक कई वर्षों से यहां गौशाला की देखरेख कर रहे थे।।

## ऐतिहासिक पद यात्रा निकाल बंगाली समाज ने जताया आक्रोश

### बांग्लादेश में मारे गये हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर सरकार से की कट्टरपंथियों से सुरक्षा की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति द्वारा आज नगर में पद यात्रा निकाल कर बांग्ला देश में अराजक तत्वों द्वारा हिन्दू परिवारों के किये गये नर संहार के दौरान मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से बांग्ला देश में रह रहे सभी हिन्दू परिवारों की जान माल की सुरक्षा करने की मांग की। इससे पूर्व हजारों की संख्या में बंगाली समाज के हजारों लोगों के साथ भारी संख्या में शहर वासी किच्छा बाईपास पर स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। जहां वक्ताओं ने कहा कि बांग्ला देश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट होने के बाद वहां के अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अमानवीय क्रूर अत्याचार, महिलाओं से बरबर्ता, छोटे बच्चों की हत्या, हिन्दुओं के घरों व धार्मिक स्थलों को जलाने की घटनायें हुई। उन्होंने कहा कट्टरपथियों का निशाना केवल हिन्दू परिवार ही थे। उन्होंने कहा कि प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति भारत सरकार व अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन से मांग करती है कि बांग्ला देश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ अविलम्ब हस्तक्षेप कर न्याय दिलायें नहीं तो देश व्यापी आन्दोलन किया जायेगा। इस दौरान प्रादेशिक बंगाली( शेष पेज सात पर )









## ट्रक के केबिन में मिला नानकमत्ता के चालक का शव

सितारगंज(उद संवाददाता)। सिडकुल की फैक्ट्री में सामान लेकर आए ट्रक चालक का शव वाहन के केबिन से बरामद हुआ है। पुलिस की प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस ने मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि शनिवार शाम औद्योगिक पार्क स्थित फैक्ट्री में ट्रक लेकर आए( शेष पेज सात पर )


## कनाडा भेजने के नाम पर 17 लाख ठगे

### गुड़गांव की एक महिला सहित दो खिलाफ रपट दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की एक युवती ने कनाडा भेजने के नाम पर 17 लाख रुपए की ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। वार्ड तीन निवासी अन्नू टूरना पुत्री स्वर्गीय त्रिलोक सिंह टूरना ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि वार्ड 3 नानकमत्ता के रहने वाले गुरचरण सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह ने उसके भाई राजन टूरना को कनाडा विदेश भेजने के लिए वर्क वीजा व नौकरी दिलाने के ऊंचे सपने दिखाकर अपनी बातों के झांसे में लिया। गुरु चरण द्वारा आरती केसरी निवासी गुड़गांव से उनका संपर्क कराया गया। उक्त महिला ने बताया कि वह अपनी कंपनी के माध्यम से लोगों को विदेश भेज कर उन्हें वहां नौकरी दिलाने का कार्य करती है। आरोप है कि 4 मई 2022 को उक्त महिला आरती केसरी के खाते में उसके भाई राजन टूरना ने 1.20 लाख रूपए और गुरचरण सिंह ने अपने खाते में ऑनलाइन कई बार पैसे ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद गुरु चरण ने भाई को विदेश भेजने के लिए बनाई गई फाइल का एक पेपर ऑनलाइन भेज कर उनका विश्वास में लेते हुए फर्जी पेपर दिखाकर विदेश भेजने की फाइल तैयार करने के नाम पर 6 लाख रुपए नगद आरती केसरी को भेजने के नाम पर ले लिए। पैसे लेने के बाद भी उक्त दोनों ने भाई को विदेश नहीं भेजा और पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। जानकारी लेने परे पता चला कि उक्त दोनों मिलकर फर्जी एजुकेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी का संचालन कर लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी का शिकार बनाते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फांसी के फंदे पर झूली युवती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि निकटवर्ती ग्राम लालपुर में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। प्रात: घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार लालपुर की नीलकंठ विहार फेस वन कालोनी निवासी अमरजीत सिंह की 17 वर्षीय पुत्री ख्वाईश पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थी। जिसके चलते उसने मध्य रात्रि चादर से फंदा बनाकर घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर आस पास के लोग भी आ गये। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतका दो बहनों में बड़ी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।



## चलती स्कूटी में लगी आग कूदकर युवक ने बचाई जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज प्रात: रूद्रपुर मार्ग पर ग्राम फुटकुआ में रूद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आती स्कूटी में अचानक आग भड़क उठी। लोगों के शोर मचाने पर स्कूटी सवार युवक ने स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर मार्ग पर आज प्रात: ग्राम फुटकुआ में आगे जब स्कूटी सवार युवक रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर जा रहा था कि उसकी स्कूटी के पीछे हिस्से में अचानक से आग लग गई। इस बात से बेखबर वह युवक आगे की ओर बढ़ता जा रहा था। स्कूटी में आग को देखकर सड़क की तरफ खड़ी एक ( शेष पेज सात पर )



## विधायक आवास कूच करते श्रमिकों को पुलिस ने रोका

### उत्पीड़न के खिलाफ गांधी पार्क में खूब गरजे श्रमिक,वार्ता को पहुंचे एसडीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की विभिन्न फौंक्ट्रयों में श्रमिकों के हो रहे उत्पीड़न के विरोध में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधायक आवास का घेराव करने से पूर्व गांधी पार्क में एकत्र हुए सैकड़ों श्रमिकों को पुलिस ने रोककर उनसे वार्ता की और शांति व्यवस्था बनाये रखने का हवाला देकर उन्हें अपने घेराव कार्यक्रम पर पुर्नविचार करने को कहा। साथ ही गांधी पार्क के सभी गेटों को बंद कर वहां पुलिस बल तैनात कर दिया। बाद में एसडीएम व तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वार्ता कर श्रमिकों को कूच स्थगित करने के लिए राजी कियाा। इससे पूर्व रूद्रपुर एवं आसपास के शहरों के सैकड़ों की संख्या में सिडकुल में कार्यरत श्रमिक( शेष पेज सात पर )



# कबूतरबाजों ने दो और लोगों को बनाया शिकार, लाखों ठगे

## प्लेन में बैठने के लिए घुसे तो खुली धोखे की कलई

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुरादाबाद के तहसील ठाकुरद्वारा निवासी कबूतरबाज ने काशीपुर निवासी एक व्यक्ति के दो बेटों की विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिये। आईटीआई थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। ग्राम परमानन्दपुर, थाना आईटीआई, निवासी अकबर अली पुत्र असगर अली ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके दूर के रिश्तेदार मौ. अली पुत्र अ. लतीफ निवासी ग्राम राघूवाला, सन्यासियोंवाला, ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद ने उससे कहा कि मैं बहुत बड़े-बड़े नेताओ को जानता हूँ और लोगों की विदेशों में नौकरी लगाता हूँ। अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हारे बेटे की भी नौकरी विदेश में लगवा सकता हूँ। अकबर अली ने बताया कि वह मौ. अली की बातों में आ गया और अपने पुत्रों की नौकरी लगाने की बात मौ. अली से कर ली। मौ. अली ने बताया कि वह उसके बेटे मोहसिन को कुवैत और मोनिश को मलेशिया में नौकरी लगा देगा। मौ. अली ने दोनो बेटों को विदेश भेजने का खर्चा 2 लाख 70 हजार रुपये बताया और कहा कि मैं तुम्हारे दोनों लड़कों को फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में विदेश भेज दूंगा, लेकिन उससे पहले कुछ एडवांस देना होगा। अकबर ने बताया कि उसने दिनांक 10.12.2023 को मौ. अली को अपने घर बुलाकर 20 हजार रुपये नकद दे दिये। उसके बाद मौ. अली ने कहा कि मुझे आप थोड़ा-थोड़ा कर के फरवरी के प्रथम सप्ताह तक 2 लाख 70 हजार रुपये दे देना। अकबर ने उसकी बात को मानते हुये 2023 की 15 दिसंबर को अपने पुत्र मोहसिन के खाते से मौ. अलो को 10 हजार रुपये, 19 दिसंबर को . 2024 की 13 जनवरी को 5500 रुपये, 19 जनवरी को 20 हजार रुपये, इसी वर्ष 27 जनवरी को 15 हजार रुपये, 3 फरवरी को 10 हजार रुपये, 14 फरवरी को 10 हजार रुपये तथा 16 फरवरी को 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये। अकबर ने बताया कि मौ. अली इसी बीच मेडिकल कराने दिल्ली ले गया जहां पर उसने मौ. अली को 20 हजार रुपये नकद दिये। इससे पूर्व 2023 की 14 दिसंबर को टिकट कराने के लिये 60 हजार रुपये नकद दिये और दिल्ली जाने तक ट्रैक्सी आदि के 7 हजार रुपये दिलाये। इस प्रकार मौ. अली ने उससे 1 लाख 90 हजार रुपये ले लिये और बीते 24 फरवरी को 50 हजार रुपये एयरपोर्ट में घुसते ही ले लिये। इस प्रकार उसने मौ. अली को तयशुदा 2,70,000 रुपये में से 2,40,000 रुपये दे दिये। अकबर ने बताया कि जैसे ही उसके पुत्र हवाई जहाज में बैठने के लिये अन्दर गये तो उन्हें वहां से भगा दिया। वहां जाकर उसके पुत्रों को पता चला कि मौ. अली ने उनके पिता को धोखा दे दिया है। उन्होंने मौ. अली को वहां पर ढूंढा तो वह वहां से गायब हो जैसे तैसे कर वह अपने पुत्रों को लेकर घर वापस आ गया और अगले दिन मौ. अली के घर गया तो वह वहां नहीं मिला। 2-4 दिन बाद वह फिर मौ. अली के घर गया तो वह वहां पर मिल गया। जब उसने उसे खरी-खोटी सुनाई तो उसने कहा कि तुम परेशान मत हो, मैं तुम्हारे घर पर आकर सारे पैसे लौटा दूंगा।अकबर अली ने बताया कि बीते 23 मार्च की दोपहर के 2 बजे मौ. अली और उसके भाई व 2- 3 अन्य व्यकित उसके घर आये और कहने लगे कि अपने घर के अन्दर चलो, पैसों का मामला है। उसने सभी को घर में बुला लिया तो उपरोक्त सभी ने घर के अन्दर आकर कहा कि मौ. अली के पास पैसे नहीं है और वह तुम्हें पैसे नहीं देगा। जब उसने कहा कि मैंने कर्जा लेकर तुम्हें पैसा दिया है, मेरा पैसा वापस कर दो तो मौ. अली ने गन्दी गन्दी गालियां देते हुये उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उपरोक्त सभी ने उसे लात घूंसों से मारा और कहा कि अगर आइंदा से पैसा मांगा तो जान से मार देंगे। अपनी जान आफत मे देख कर उसने शोर मचाया तो उसके शोर पर आसपास के बहुत से व्यक्ति आ गये, जिन्होंने उसे बचाया तो सभी लोग उसका पैसा न देने और दोबारा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। आईटीआई थाना पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मौ. अली व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 420, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## काशीपुर में भी फैला है एजेंटों का जाल

काशीपुर। विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर लगातार हो रही ठगी के बावजूद बेरोजगार युवा इससे सबक नहीं ले पा रहे हैं। जागरूकता ना होने के कारण दलाल लगातार इसका फायदा उठाते हुए बेरोजगार युवाओं को कम समय में मालामाल होने का ख्वाब दिखाकर विदेश भेजने के नाम पर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से काशीपुर में भी दलालों का नेटवर्क पूरी तरह मजबूत हो चुका है। रामनगर रोड पर चीमा चौराहा, महाराणा प्रताप चौक, स्टेडियम आदि शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर महफूज अड्डा बनाकर आकर्षक विज्ञापनों के सहारे यह एजेंट विदेश भेजने के नाम पर शिक्षित युवाओं का दोहन कर रहे हैं। मजे की बात है कि जिम्मेदार अधिकारियों को सब कुछ जानकारी होने के बावजूद वह इस बारे में मुंह खोलने को तैयार नहीं है।

# विद्यार्थियों के कौशल विकास को कांउसलिंग का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के पठन में कौशल विकास हेतु एक कांउसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन डा. ममता कुमार ने अपने ज्ञान एवं अनुभव द्वारा छात्र छात्राओं को अपने व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, अनुशासन एवं पठन पाठन में वृद्धि करने के तरीके बताए। कार्यक्रम का संचालन श्री मती जिंदर कौर ने किया। डा. ममता कुमार ने डेसन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (जर्मनी) से डाक्टॉरेट किया एवं एस एस बी एम जिनेवा में रिसर्च स्कॉलर है। यू सी एस ए आई सी सी सी में करिअर काउंसलर एवं नेशनल हेल्थ इंस्टीटयूट केलिफोर्निया में न्यूट्रीशन एवं वेलनेस एडवाइसर है। काउंसलिंग में विद्यार्थियों ने भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न प्रश्न काउंसलर से पूछे जिनका संतोषजनक उत्तर कांउसलर से मिलने पर विद्यार्थी बहुत उत्साहित हुए। इस अवसर पर प्रबंधक श्री संजीव मलिक ने अपने उदबोधन में कहा कि विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार की काउंसलिंग में काउंसलर के ज्ञान एवं अनुभव का जीवन में भरपूर लाभ उठाना चाहिए तभी इसकी सफलता है। प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार अग्रवाल ने काउंसलर का. ममता कुमार को धन्यवाद दिया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा अच्छा स्वास्थ्य, निवमित दिनचर्या, समय प्रबंधन एवं नियोजन पठन कौशल में अभिवृद्धि करते है, जिसका जीवन में कड़ाई से अनुपालन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कोआर्डीनेटर्स, जी, एस, रावत, काजल झाम, सरिता सिंह सहित कक्षा 9 से 12 तक के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।





# नानक सागर डेम पार के ग्रामीण ने पड़ोसी पर लगाया मारपीट का आरोप

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानक सागर डैम पार के ग्रामीण में थाने में तहरीर देकर पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। नानक सागर पार के ज्ञानपुर गोड़ी निवासी अभिमन्यु चौहान पुत्र बेबू चौहान ने थाने में तहरीर में कहा है कि मेरे पड़ोस में रहने वाले दामाद का पड़ोसी प्रदीप चौहान से विवाद हो गया था। आरोप है कि जब वह विवाद को निपटने के लिए बीच बचाव करने गया तो उक्त प्रदीप चौहान अपने परिवार के सदस्यों के साथ उसके घर में घुस गया और उनके साथ मारपीट कर गाली गलौज की। आरोप है की मारपीट के दौरान ग्रामीण बेहोश हो गया जिसको बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राइवेट अस्पताल में भेज दिया। ग्रामीण ने इलाज करने के बाद थाने में तहरीर देते हुए अपने पड़ोसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था।



# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छतरपुर से दिनेशपुर तक पैदल मार्च निकालकर फूंका सरकार का पुतला

दिनेशपुर। मटकोटा मार्ग के चौड़ीकरण, मृतक आश्रितों को मुआवजा और रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर से दिनेशपुर तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। बाद में राज्य सरकार का पूतला फूंककर रोष जताया। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में कांग्रेसी छत्तरपुर रेलवे क्रासिंग के पास एकत्र हुए। यहां से पदयात्रा निकाली गई।यात्रा में शामिल लोग नारेबाजी करते हुए आठ किमी का रास्ता पैदल चलकर नगर के सुभाष चौक पहुंचे। यहां वक्ताओं ने कहा कि क्षतिग्रस्त मार्ग पर आये दिन दुघर्टना में लोग अपनी जान गवां रहे है।निर्माण के नाम पर केवल गड्डो को पाटकर खानपुर्ति की जा रही है। जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। यदि शीघ्र ही मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ तो आंदोलन चरणबद्ध तरीके से होगा। क्षेत्रीय विधायक और सासंद के घर का घेराव किया जाएगा। बाद राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। वहां पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ममता हाल्दार, चंदन नयाल, लक्ष्मी राय, त्रिनाथ विश्वास, नारायण हालदार, किशोर हालदार, आशुतोष राय आदि थे।



# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में पूर्व सैनिक होंगे सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन के तत्वाधान में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल 12 अगस्त को नगर निगम सभागार में सायं चार बजे से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के साथ ही शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। संस्था समाज में अपराध, भ्रष्टाचार, नशा और भय मुक्त वातावरण पर काम कर रही है। पत्रकार वार्ता में संस्था जिला अध्यक्ष संस्था निरवेल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित कर अपने आप को गौरवांवित महसूस करेगी। ऐसे में कार्यक्रम में समाज के हर व्यक्ति को कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी भागीदारी करनी चाहिए और शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में तराई को आवाज करने वाले शहीद भगत सिंह के भाई की पीढ़ी के लोग बाजपुर की जनता फॉर्म में निवास करते हैं। वह भी पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस दौरान संस्था के सचिव प्रदीप मारकुश सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश पुंशी, महिला जिला अध्यक्ष संध्या सक्सेना, निर्मलजीत सिंह, उपदेश कुमार अमरजीत सिंह ,अनीता सिंह, रागिनी मिश्रा, हरजीत सिंह, चानन लाल, कुलविंदर, आरिफ अली, मो इसराइल अंसारी, जमील अहमद, प्रेम कुमार प्रजापति, मंजूर आलम अंसारी, सुयेब सैफी आदि संस्था सदस्य मौजूद रहे।



# श्री राम जैसा ही होना चाहिए पवित्र जीवन : शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 21वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन तो ऐसा पवित्र है कि उनके स्मरण मात्र से हम पवित्र हो जाते हैं। कर्म यदि रावण सा है और जप राम नाम का है तो नाम जप का फल कभी नहीं मिलता। राम जैसा जीवन होगा और राम नाम का जाप होगा तभी राम जाप का फल मिलेगा, राम जी के एक-एक गुण को अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न ही उनकी सर्वोत्तम सेवा है। राम जी का अवतार राक्षसों के संघार हेतु नहीं बल्कि मनुष्यों को उच्च आदर्श बनाने के लिए हुआ। उनका अवतार जगत को मानव धर्म उपदेश के लिए था, मनुष्य चाहे किसी भी देव या देवी में श्रद्धा रखें चाहे विष्णु को पूजे, चाहे शंकर को किंतु उसका जीवन श्री राम जैसा ही होना चाहिए। जिसका जीवन श्री राम जैसा होगा उसकी भक्ति सफल होगी।एवं आज के प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री जय भवानी जागरण मंडल के संरक्षक श्री पवन बजाज जी ने अपने सुपुत्र अनुभव बजाज ( मिट्ठू ) के जन्मदिन की खुशी में दी।





# विभाजन का दर्द झेलने वाले लोगों के सम्मान में 14 अगस्त को आयोजित होगा कार्यक्रम : गुंजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। विभाजन भारतीय इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय है जो आज भी लोगों को आहत करता है और विभाजन का दर्द झेलने वाले लोगों को समर्पित एक सम्मान समारोह का आयोजन 14 अगस्त 3:00 बजे शहनाई वाटिका में किया जा रहा है जिसमें पूर्व रक्षा एवं राज्य पर्यटन मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से सांसद अजय भट्ट जी मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि 14 अगस्त 1947- यह वह तारीख है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।एक तरफ देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति मिल रही थी तो दूसरी तरफ इसकी कीमत देश को विभाजन के रूप में चुकानी पड़ रही थी ।विभाजन के परिणाम स्वरुप लाखों लोग बेघर हो गए उन्हें रातों-रात



पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा,कई लोग तो ऐसे भी रहे जिन्हें आजादी की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। देश के विभाजन के दौरान सबसे अधिक पीड़ा महिलाओं को उठानी पड़ी उनका अपहरण कर लिया और उनके साथ दुष्कर्म किया गया कुछ महिलाओं को अपना धर्म बदलने और अपने परिवार की हत्या करने वाले लोगों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया जो की बहुत दर्दनाक रहा होगा। लाहौर में हुए एक हमले ने कैसे 5 लाख से अधिक नरसंहार का रूप ले लिया यह किसी को नहीं पता चला। विभाजन के बाद पलायन कर रहे लोगों को न सिर्फ प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ी बल्कि मूसलाधार बारिश में भी मिलो-मील पैदल चलना पड़ा न जाने कितने लोग गर्मी से और न जाने कितने लोग भुखमरी से मर गए । विभाजन की विभीषिका मे अपने प्राण गवाने वाले और विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों भारतीयों को मैं नमन करता हूं। श्री सुखीजा ने कहा कि विभाजन का दर्द झेलने वाले ऐसे लोगों के सम्मान में यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

# खनन वाहन चेकिंग टीम की मनमानी वाहन में खराबी पर भी काटा चालान

सितारगंज(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से सितारगंज रॉयल्टी पर रेत लेकर आ रहा डंपर चोरगलिया के घने जंगल में खराब हो गया। जिस वजह से डंपर चालक सितारगंज शक्तिफार्म चौराहे पर कुछ देरी से पहुंचा। यहां खनन वाहन चेकिंग को चालक वाहन खराबी के बिल दिखाता रहा। लेकिन टीम ने चालक की कोई बात नही सुनी मनमानी करते हुए डंपर का 35 हजार का ऑनलाइन चालान काटकर वाहन सिडकुल चौकी में खड़ा करा दिया। खनन विभाग चेकिंग टीम की मनमानी का पीड़ित ने विरोध किया है। हल्द्वानी देवलछोड़ निवासी कुंदन सिंह हल्द्वानी के स्टोन क्रेशर से रेत भरकर निर्धारित खनन रॉयल्टी, रूट से सितारगंज के लिए शनिवार रात करीब सवा दस बजे निकला। चोरगलिया के घने जंगल में उसका डंपर खराब हो गया। जिसकी तकनीकी दिक्कत कई घंटों में मेकेनिक ने सही की। जिसके बाद कुंदन वाहन को लेकर सितारगंज शक्तिफार्म तिराहे पर खनन चौकिंग बैरियर पर पहुंचा है। यहां जांच के लिए टीम ने उसे रोका, उसने वाहन में खराबी होने के कारण रॉयल्टी में निर्धारित समय से कुछ देरी में पहुंचने की टीम के सदस्यों को जानकारी दी। लेकिन खनन विभाग की टीम के सदस्यों ने मनमानी करते हुए उसके वैध खनन पत्रों को नजर अंदाज कर 35 हजार का चालान काट दिया। जिसका विरोध करते हुए कुंदन सिंह ने प्रशासन को खराब वाहन के पत्रों के साक्ष्य देकर खनन विभाग की टीम के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांगकी है। इस संबंध में खनन विभाग टीम के सुरवाइजर अन्ना से संपर्क किया गया। लेकिन उनके ही व्यस्त होने के कारण पक्ष नहीं लिया जा सका।

# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन का पौधारोपण अभियान जारी

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय कच्ची खमरिया में रोपे गये सौ पौधे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन का साप्ताहिक पौधारोपण अभियान आज भी जारी रहा। फाउण्डेशन सदस्यो ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय कच्ची खमरिया में लगभग सौ पौधे रोपे। इस दौरान मौजूद स्कूली बच्चों ने इन पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। आओ पौधे लगाए, धरा को हरा भरा बनाए अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आम,अर्जुन, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने भी सहभागिता निभाई। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि पर्यावरण को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाने में पेड़ पौधों की भूमिका सबसे बड़ी होती है।पेड़-पौधों के द्वारा प्रकृति, पर्वत, नदी, भूमि और वायु की स्थिति मजबूत होती है। यह हमारे जीवन को स्वच्छ और सुखद बनाते हैं इसलिए हम सभी को समझदारी, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ पर्यावरण को बचाना होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों से पौधो की देखभाल अपने छोटे भाई के रूप में करने की अपील की। फाउंडेशन की महिला उपाध्यक्ष सुमन मिश्रा ने कहा कि प्रकृति के साथ तालमेल आवश्यक है। विकास की दौर में इंसान पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका असर हमारे जन-जीवन पर पड़ रहा है।जीवन बचाने के लिये पर्यावरण की रक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगना चाहिये।प्रधानाचार्य महमूद तारिक,मुनीन्द्र कुमार, ओंकार सिंह ढिल्लो,संजय ठुकराल, पी के मौर्य ,अजय कुमार सिंह,महेश कुशवाह, राजकुमार गगनेजा,मानस राय, गौतम थापा,पप्पू मिश्रा,चंद्र कला राय, सोनम सिंह,सुमन मिश्रा,मैरी थापा, अनुपम सिंह,तरुण कालरा, तेजस ढिल्लो सहित दर्जनों स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थी।।





# निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गौस की माताजी का आकस्मिक निधन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद गदरपुर के निवर्तमान अध्यक्ष




गुलाम गौस की पूजनीय माता जी अफरोज जहां का आकस्मिक इंतकाल हो गया। उनके निधन पर अनेकों राजनीतिक , सामाजिक, शैक्षिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों द्वारा उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक प्रकट करते हुए दुख जताया गया । इस दुख की घड़ी में लोगों द्वारा उनके परिजनों सहित पुत्रों गुलाम गौस,मुजीब उल्लाह खान,वजी उल्लाह खान, शारिक उल्लाह एव तारिक उल्लाह को दुख जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

# ट्रॉली से गिरने से ग्रामीण की मौत

थराली। प्राणमति नदी पर बनी ट्रॉली से नीचे गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्रामीण नदी को पार करने के लिए ट्रॉली का इस्तेमाल कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर उसमें फंस गया और वो नीचे गिर गया।मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह विनोद सिंह गांव से बाजार जा रहा था। नदी पार करने के लिए उसने ट्राली का इस्तेमाल किया। लेकिन इस दौरान वो हादसे का शिकार हो गया। विनोद का पैर ट्रॉली में फंस गया और वो नीचे गिर गया। आस-पास मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।बता दें कि प्राणमति नदी पर बना पुल पिछले साल बह गया था। जिसके बाद ग्रामीणों की आवाजही के लिए यहां अस्थाई पुल बनाया गया था। लेकिन एक महीने पहले हुई बारिश में नदी पर बनाया गया अस्थाई पुल भी बह गया। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने यहां पर ट्रॉली लगाई। दो दिन पहले ही यहां पर ट्रॉली लगाई गई थी। लिस थानाध्यक्ष पंकज कुमार के मुताबिक मृतक का नाम विनोद सिंह है जो कि थराली गांव का ही रहने वाला है।

# केसी पंत की जयंती पर किया नमन

किच्छा।पंत जयंती समारोह समिति ने के सी पंत के जन्मदिन पर उन्हें याद किया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि के सी पंत ने कई शीर्षस्थ विभागों



में केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की सेवा की है वो भारत माता के सच्चे सपूत थे देशहित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन हरीश पंत, प्रताप धानक,सुरेश चावला, कैलाश काण्डपाल, कश्मीर लाल अरोरा, मिहीलाल, उमाशंकर, गोपेश पंत, गगन पंत, कृष्ण लाल नारंग, लीलाधर जोशी, कैलाश पाठक, हरिकृष्ण चावला, हरिओम चावला,एल एम पंत, प्रतीक पंत, केवलानंद सुनारी,आदि ने भाग लिया।

# नशीले कैप्सूल के कारोबारी को 14 साल के कठोर कारावास

रूद्रपुर। रुद्रपुर में दो साल पहले कुंडा थाना क्षेत्र में नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार तस्कर को अदालत ने 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार चार जुलाई 2022 को कुंडा थाना के एसआई प्रकाश भट्ट टीम के साथ गश्त करते हुए ठाकुरद्वारा मार्ग से सूर्या चौकी की ओर से आ रहे थे। सरवरखेड़ा स्थित श्मशान घाट वाले कट पर एक युवक बाइक की टंकी पर गत्ते की पेटी रखकर बैठा था। पुलिसकर्मियों को देखकर युवक बाइक और पेटी छोड़कर भागने के प्रयास में गिर गया था। पुलिस ने उसको पकड़कर नाम पूछा तो उसने बिजनौर जिले के थाना स्योहारा के ग्राम वैरखेड़ा निवासी मोहम्मद आसिफ बताया। बाइक पर रखे डिब्बे को खोला गया तो उसमें दो कंपनियों के 9072 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में हुई थी। अदालत के सामने सात गवाह पेश किए गए। अदालत ने दोषी मोहम्मद आसिफ को 14 साल कठोर कारावास और 1.50 लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।




गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015




# डाक कांवड़ियों को किया रवाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्र नगर से हरिद्वार के लिए पवित्र गंगाजल लेने जा रहे डाक कावड़ कांवरियों को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भगवान शंकर के जयघोषों के साथ हरिद्वार के लिए रवाना किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि सावन माह की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लाखों शिव भक्त हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान



शिव जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजयमान हो गया। पूर्व विधायक ठुकराल ने सभी भोले भक्तों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। एवं भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की कामना की। इस दौरान गगन ग्रोवर ,बंटी कोली, ललित बिष्ट, विशाल मेहरा सहित भारी संख्या में शिव भक्त जन उपस्थित थे।



# गंगोत्री मानवसेवा फाउंडेशन ने वृद्ध दंपती को दी आर्थिक मदद

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गंगोत्री मानवसेवा फाउंडेशन ने गरीब 75 वर्षीय असहाय वृद्ध दंपती को उनके घर पहुंच कर, धोती-साड़ी साथ ही नगद पंद्रह हजार एक सौ एक रुपये की सहायता राशि प्रदान की। शक्तिफार्म जेल कैंप नंबर 3 में बुजुर्ग दंपत्ति, जर्जर झोपड़ी में जीवन-यापन करने को मजबूर है। आजीविका की कोई साधन नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि बुजुर्ग निमाई सरकार अपनी पत्नी के साथ जीवन गुजार रहे है। स्थानीय सदस्य द्वारा जब फाउंडेशन को सूचित किया गया तो उन्हें आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष तापस विश्वास, उपाध्यक्ष विश्वजीत सरकार, कोषाध्यक्ष शिमुल हालदार, सह कोषाध्यक्ष आशीष राय ने संयुक्त रूप से बुजुर्ग पति-पत्नी को धोती-साड़ी के साथ, नगद पंद्रह हजार एक सौ एक रुपये देकर सहयोग किया। लाभार्थी निमाई सरकार ने गंगोत्री मानवसेवा




फाउंडेशन द्वारा की गई आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने असहाय, निर्बल लोगों की सहायता करने के लिए पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष तापस विश्वास ने कहा कि गंगोत्री मानवसेवा फाउंडेशन विगत कई वर्षों से असहाय, बेरोजगार, आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग परिवार को सहायता अनुदान राशि प्रदान कर रहे हैं। जिसके तहत बेरोजगारों को आजीविका चलाने के लिए आर्थिक सहायता, गरीब कन्या विवाह एवं नि:शक्तजनों को विभिन्न तरीके से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में फाउंडेशन अपना कार्य कर रही है । इसी क्रम में कोलकाता बागेरहाट स्थान में वृद्ध को आर्थिक सहयोग किया गया, पुरनपुर पीलीभीत के अनाथ वृद्ध महिला को आर्थिक सहयोग दिया गया। उन्होंने कहा कि उसी के तहत गरीब कन्या एवं कमजोर तबके के लोग-बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष तापस विश्वास, उपाध्यक्ष विश्वजीत सरकार, कोषाध्यक्ष शिमुल हालदार, सह कोषाध्यक्ष आशीष राय, सदस्य बाबू सरकार, समरेन विश्वास, ग्रामवासी तपन गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।




# पहले पति को छोड़ा दूसरे ने घर से निकाल दिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपसी विवाद के चलते पहले पति को छोड़कर दूसरे व्यक्ति से शादी करने के बाद भी महिला की परेशानियां कम होने के स्थान पर ओर बढ़ गईं। दूसरे पति ने उसे घर से निकाल दिया। महिला पुलिस के पास कार्रवाई करने के लिए चक्कर लगा रही है। जानकारी के अनुसार लगभग 7 वर्ष पूर्व एक महिला का विवाह एक व्यक्ति से हुआ था। आपसी विवाद के कारण उनकी शादी नहीं चली। जिस कारण शादी टूट गयी। महिला की एक लड़की है। उसके बाद महिला ने दूसरे व्यक्ति से कोर्ट में शादी की थी। जिससे उसको एक पुत्र हुआ। महिला अपनी शादी में काफी जेवर लेकर आई थी। जिन्हें उसके पति ने अपने पास रख लिया और महिला के साथ शादी के कुछ दिनों बाद ही गली गलोच व मार पीट करना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि पति ने एक बार महिला पर धारदार हसिया तथा एक बार चाकू से हमला किया। लेकिन महिला मारपीट को अपने बच्चों के कारण सहन करती रही। 9 को शाम महिला का पति ड्यूटी से आये और महिला तथा उसकी पुत्री को मारना पीटना शुरू कर दिया और रात लगभग 10 बजे घर से निकाल दिया। आज भी महिला को घर में घुसने नहीं दिया और कहा की अगर इस घर में घुसी तो जान से मार दूंगा। अब पीड़िता पुलिस की चौखट पर चक्कर लगा रही है।

# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की युवा मुखानी इकाई गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मुखानी मंडल में कार्यक्रम आयोजित कर मुखानी युवा मंडल का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिगम्बर भोजक ने की। नवगठित इकाई में युवा अध्यक्ष रोहित कर्मयाल, महामंत्री राहुल जोशी, हर्षित जोशी, उपाध्यक्ष मोहित राणा, उपाध्यक्ष हिमांशु जोशी, सचिव मनरूप सिंह, उपाध्यक्ष राहुल अधिकारी, सचिव गोविन्द सिंह दानू, सचिव विनोद काण्डपाल, मंत्री अजय पडलिया, मंत्री अजय बौरा,मौहित चंद्र, संजय, आशुतोष परगाई आदि को दायित्व सौंपे गए। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि आज व्यापारियों को युवा शक्ति की जरूरत



है। युवाओं से ही भविष्य में व्यापारियों के लिए उनके हितों के लिए आगे आना पड़ेगा। कुमाऊं अध्यक्ष भुवन भट्ट ने कहा की युवा शक्ति युवाओं का जोश व्यापारियों के मूलभूत जरूरतों के समय उनके हितों के लिए उपयोगी है। युवाओं को रोजगार का बढ़ावा मिलना चाहिए। मंडल अध्यक्ष दिगंबर भोजक ने कहा मुखानी मंडल के व्यापारियों के साथ व्यापारी संगठन सदैव खड़ा है। इस मौके पर हल्द्वानी शहर अध्यक्ष डिम्पल पाण्डे, जिला उपाध्यक्ष चंदन बिष्ट, मंडल उपाध्यक्ष संजय बिष्ट, मंडल सचिव बालम बिष्ट मौजूद रहे। मंच संचालन विशाल जोशी ने किया।

# रेनबो पब्लिक स्कूल में नेशनल डिफेन्स अकादमी पर कैरियर काउंसलिंग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के सुपरिचित रेनबो पब्लिक स्कूल में एन. डी. ए. के तत्वावधान में एक कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमे रेनबो स्कूल के कक्षा 11-12 के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न स्कूलों से पधारे छात्र-छात्राओं ने भी काउंसलिंग का लाभ उठाया।डायरेक्टर श्री मती गीतांजली मलिक ने विंग कमाण्डर को गुलदस्ता भेंट कर अभिन्नदन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड, कमांडिंग आफिसर छब्ब, विंग कमाण्डर एन. एस. पवार के द्वारा माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने मधुर कंठ से स्वागतगान प्रस्तुत किया। विंग कमाण्डर एन. एस. पवार ने छात्र-छात्राओं को वायु सेना करियर के रुप में अपनाने के लिए विभिन्न आकर्षणों से परिचित कराया। जिसमें लड़ाकू विमानों की विशेषताओं एवं उपलब्धियों के बारे में भी बताया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री पवार ने कहा जीवन में अपने उत्तर दायित्व को समझो जहाँ जाना चाहते हो यदि तुमने संकल्प कर लिया है तो कुछ भी असंभव नही है। इस क्रम में उन्होने विद्यार्थियों से वायु सेना से सम्बन्धित अनेक प्रश्न किये एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर संतुष्ट किया। क्रार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। प्रधानाचार्य ने विंग कमाण्डर श्री एन. एस. पवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या सुश्री स्मिता पाठक एवं कॉओडिनेटर जी. एस. रावत, कोओडिनेटर जिंदर कौर एवं आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल से पी,टी,आई प्रियंका रावत, सूरज प्रकाश, जे.डब्लू ओ अजीत सर, सी.पी.एल. यशपाल, रेनवो पब्लिक स्कूल से पी.टी.आई पिंकी सिंह, किरन गुप्ता, लक्ष्मी नेगी, मयंक सुनंदरियाल, मनीष हालदार, एवं डांस शिक्षिका आशिया रजा एवं संगीत शिक्षिका अंशु भटनागर, सीमा त्यागी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।










# स्टेम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को किया सम्मानित

## राज्यपाल ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में डिजिटल लाइब्रेरी, स्टेम डैशबोर्ड और लैब ऑन व्हील परियोजना के डैशबोर्ड का उद्घाटन किया

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को आंचलिक विज्ञान केंद्र, झाझरा में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) और विज्ञानशाला इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में ''शी फॉर स्टेम'' का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में डिजिटल लाइब्रेरी, स्टेम डैशबोर्ड और लैब ऑन व्हील परियोजना के डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्टेम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही 05 महिलाओं, डॉ. बिनीता फर्त्याल, निधि पंत, डॉ. रीमा पंत, डॉ. मनीषा और डॉ. जयश्री सनवाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्टेम वर्तमान समय की आवश्यकता है आज दुनिया भर स्टेम के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य स्टेम के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि दुनिया के वह देश लगातार आगे बढ़ रहे हैं जिन्होंने स्टेम शिक्षा के ऊपर ध्यान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि स्टेम के क्षेत्र में





महिलाओं की अधिक भागीदारी महिलाओं की स्थिति को मजबूत और प्रभावशाली बनाएगी, जिससे समाज में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। हमें बालिकाओं का रूझान इस ओर बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नवाचार एवं तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भविष्य में देश की उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश है। इसीलिए देश महिलाओं को स्टेम में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्टेम शिक्षा की पहुंच हमारे दूरस्थ गांवों तक जरूरी है इसके लिए यूकॉस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि यह जरूरी है कि सभी विश्वविद्यालय एवं कॉलेज अपने संस्थान के अधिक से अधिक छात्राओं एवं प्राध्यापकों को इस मुहिम से जोड़ें। उन्होंने कहा कि ''शी फॉर स्टेम'' के माध्यम से प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार करें, जहां महिलाएं एवं बालिकाएं स्टेम के क्षेत्र में नवाचार, उद्यमिता और परिवर्तन की मिसाल बनें। यही समय है कि मातृशक्ति को सशक्त करते हुए उन्हें वैश्विक चुनौतियों का समाधान हेतु सक्षम बनाने में हम सब पूरे मनोयोग के साथ सहयोग करें। कार्यक्रम में महानिदेशक, यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित और तकनीकी के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति और भूमिका से सबको अवगत कराया। प्रो. पंत ने बताया की डिजिटल लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों के नेशनल और इंटरनेशनल जर्नल है और साइंटिफिक और अनेक विषयों की ई-बुक्स है जो विज्ञान केंद्र के आगंतुकों और राज्य के विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का कार्य करेगी। उन्होंने स्टेम एजुकेशन के क्षेत्र में परिषद के प्रयासों जैसे लैब ऑन व्हील, स्टेम लैब्स और दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान सम्मेलनों से अवगत कराया। कार्यशाला में संस्थापक-सीईओ, विज्ञानशाला इंटरनेशनल संस्था डॉ. दर्शना जोशी ने विज्ञान शिक्षा की अपनी प्रेरणादायक यात्रा से सबको अवगत कराया। इस अवसर पर एएमडी इंडिया, बैंगलोर की कंट्री हेड जया जगदीश द्वारा प्रौद्योगिकी के भविष्य की संभावनाओं पर ऑनलाइन माध्यम से एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा की मुश्किलों को अवसर में बदलकर ही सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में डॉ. बिनीता फर्त्याल, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसांइस, लखनऊ द्वारा नैनीताल से उत्तर और दक्षिण ध्रुव तक के अपने शोध कार्यों और यात्रा से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन डॉ. विजय वेणुगोपाल, सह-संस्थापक, विज्ञानशाला इंटरनेशनल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यशाला में स्टेम के क्षेत्र में प्रेरक यात्राएं, स्टेम क्षेत्र के उद्यमियों और विभिन्न हैंड्स ऑन गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण और शोध संस्थानों के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं, विज्ञानशाला के प्रतिभागियों और यूकास्ट, विज्ञान केन्द्र देहरादून के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन भुवन जोशी और डॉ. तृप्ति जोशी ने किया।

# रामबाबू वैश्य महासभा व अतुल युवा वैश्य महासभा के अध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जायसवाल कलवार समाज समिति की एक आम सभा सम्पन्न हुई। जिसमें विगत 3 वर्षो के कार्यकाल के विवरण प्रस्तुत किया गया। सहस्त्रार्जुन देव जयंती, सहस्त्रार्जुन मार्ग, तीज महोत्सव, होली महोत्सव के सफल आयोजन पर चर्चा भी की गई। वैश्य महासभा के हुए चुनाव में अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल एवं अतुल जायसवाल को युवा वैश महासभा अध्यक्ष चुना गया । जिनका समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। जिसे सदन द्वारा पास किया गया। सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे।इसके बाद आगामी 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष के लिए राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, महामंत्री कन्हैया जायसवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल को चुना गया। महिला समिति में अध्यक्ष श्रीमती खुसबू जायसवाल तथा महामंत्री श्रीमती छवि जायसवाल को चुना गया। युवा समिति में अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल व महामंत्री सचिन जायसवाल को चुना गया। चुनाव समिति में गंगा प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, रामबाबू जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल तथा सुमित जायसवाल रहे।चुनाव अधिकारियों ने सबका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मनोज जायसवाल, अतुल जायसवाल विजय जायसवाल, गिरिश जायसवाल, संतोष जायसवाल, राजेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, शंकर जायसवाल, विजय जायसवाल, जमुना प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, राध ेश्याम जयसवाल, रमेश जायसवाल, बिनु जायसवाल, सुचित्रा जायसवाल, विधि जायसवाल, सुनीता जायसवाल, प्रेरणा जायसवाल, स्वाति जायसवाल, हेमा जायसवाल, कुसुम जायसवाल ,सुमन जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



# स्क्रीनिंग में 11 महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित मिली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंडित राम सुमेर राजकीय मेडिकल का युवराज सिंह फाउंडेशन के साथ मिलकर महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच को लेकर अभियान जारी है। पिछले दिनों स्तन कैंसर को लेकर की गई 50 महिलाओं की स्क्रीनिंग में 11 महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित पाई गई हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केदार सिंह शाही ने बताया कि शुरुआती चरण में मेडिकल कॉलेज में ही फाउंडेशन के डॉक्टरों की टीम के साथ मिलकर कैंसर डिटेक्शन सेंटर में ही महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान को जनपद में व्यापक स्तर पर चलाया जाना है। जनपद भर में अभियान चलाने के लिए एंबुलेंस से लेकर कैंसर की जांच में प्रयोग होने वाली आधुनिक मशीन में से कुछ मशीनें आ चुकी हैं और कुछ फाउंडेशन की ओर से आनी बाकी हैं। वहीं जागरूकता के लिए जनपद भर में कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस मौके प यूवीकैन फाउंडेशन की डॉ.रागिनी शाह, डॉ. शगुन नारंग, डॉ. उमंग, डॉ. पूजा ढींगरा और जूबी आहलूवालिया , व्यावस्था प्रमुख मनोज आदि मौजूद रहे।



# गरुड़ बाजार में अतिक्रमण की भेंट चढ़े कलमठ

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड़ बाजार में जगह-जगह बने कलमठ अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। जिससे नालियों का पानी दुकानों में घुस रहा है। जिससे व्यापारियों में तीव्र रोष है। सिविल सोसायटी ने शीघ्र बंद कलमठों से अतिक्रमण हटाने और उन्हें खोलने की मांग की है। गरुड़ बाजार में कई कलमठ अतिक्रमण के चलते बंद हैं। जिससे नालियों की निकासी नहीं हो पा रही है। नालियों का पानी दुकानों में घुस रहा है। जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है। उधर टीटबाजार में भी नालियां बंद हैं। जिससे नहरों और नालियों का पानी दुकानों में घुस रहा है। प्रतिदिन दुकानदारों की खाद्य व अन्य सामग्री पानी से खराब हो रही है। सिविल सोसायटी ने गरुड़ से बैजनाथ तक हाईवे में बंद पड़े कलमठों, नालियों को खोले जाने की मांग की है। सिविल सोसायटी के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी, अध्यक्ष उमाशंकर भाकुनी, सचिव हरीश कुमार, संगीता भट्ट आदि ने प्रशासन से शीघ्र कलमठों से अतिक्रमण हटाने और उन्हें खोले जाने की मांग की है।

# देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यसमिति संपन्न

## व्यापारी हितों के साथ उपभोक्ता हितों के लिए काम करें : कुंवर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारणी की बैठक नगर निगम सभागार में संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मैं व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष मनोज पंवार ने कहा प्रशासन दुकानों मैं नकली माल नकली मावा के नाम पर दुकानदारों को परेशान करता है। प्रशासन राज्य की सीमा मैं ही नकली माल को रोकने का प्रबंध करे। भीमताल के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने कहा रेहड़ी फेरी वाले गांव गांव घर गली गली माल बेचने जा रहे हैं जो एक तरफ तो सरकार को टैक्स नहीं दे रहे है वहीं दूसरी ओर दुकानदारों को तो नुकसान होता ही है और उपभोक्ता भी ठगा जाता है। रामनगर के अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने कहा ऑनलाइन बिजनेस ने लोकल दुकानदार की कमर तोड़ दी है। हल्दूचौड़ के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट ने जिला पंचायत द्वारा टैक्स वसूली पर आपत्ति जताते हुए कहा वह दुकानदारों से टैक्स तो लेती है पर सुविधा कुछ नहीं देती। गोलापार अध्यक्ष पंकज कुमार व चोरगलिया के अध्यक्ष दीपक थुवाल ने कहा हाट बाजार लगाने से स्थानीय दुकानदार बर्बाद हो गया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल ने कहा सरकार को इस छोटे राज्य के लिए कोई ठोस नीति बनानी होगी वरना पलायन और बेरोजगारी और बढ़ेगी।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मै हुकम सिंह कुंवर ने कहा हम व्यापारियों के साथ साथ उपभोक्ताओं के हितों का भी ध्यान रखें,नकली माल, ब्रांडेड कंपनियों के मिलते जुलते नामों से बिकने वाले माल, व एक्सपायरी माल आदि का ध्यान रखें। हमको नकली माल बेचने वालों पर भी नजर रखनी होगी। बैठक में अनुशाशन समिति के अध्यक्ष डॉ बालम सिंह



बिष्ट, आफताब हुसैन, रमेश जोशी, मनोज खुल्बे, संजय साह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, पृथ्वीपाल सिंह रावत ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। राजकुमार नेगी, हरजीत चड्ढा, पंडित दया किशन शर्मा ने ट्रांसपोर्टरों की समस्याओ को रखा। सभा का संचालन जगमोहन चिलवाल व राजकुमार केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में अजय कृष्ण गोयल, कृष्ण कुमार आगरी, गोपाल दत्त भट्ट, हिमांशु पांडेय , शंकर दत्त जोशी, श्याम सिंह नेगी, घनश्याम वर्मा, डॉ केदार पलड़िया, भास्कर सुयाल, हिमांशु मेर, भुवन दरम्वाल, सावन सिंह जीना, हर्ष सिंह जलाल, महेश चंद्र जोशी, हरीश चंद्र पांडेय, नेत्र भल्लभ जोशी, यमुना दत्त जोशी, रमेश चंद्र उपाध्याय, राजेश अधिकारी, मनमोहन बिष्ट, नीरज थापा अल्मोड़ा, राकेश सिंह धपोला, योगेश चंद्र बमेठा, रवि गुप्ता, संजय कृष्ण परगाई, प्रीतम सिंह जीना, भुवन चंद्र दानी, सुमित जोशी, अमित बुढला कोटि, दीपक खुल्बे, दीपक रौतेला, बीडी पलड़िया, पूर्ण चंद्र बृजवासी, हेम दुर्गापाल, दीपक थुवाल, हर्षित अधिकारी, संतोष भट्ट, अभिषेक पांडेय, जीवन पांडेय, राकेश अग्रवाल, आफताब आलम, बॉब्बी आर्या, जसपाल सिंह कोहली, माधो सिंह देऊपा, बृजमोहन सिजवाली, प्रकाश चंद्र पांडेय, कार्तिक दास, डॉ जऐ वारसी, विपिन कांडपाल , गणेश भंडारी, नेहा खेतवाल, अंकित गुप्ता , योगेश दुमका , उमेश बेलवाल , सौरभ सुयाल , प्रमोद कुमार , प्रदीप दरम्वाल आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राशन का हक

देश में गरीबी और खासकर भूख से जूझते तबकों को राहत दिलाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। हालांकि इसके संचालन में अक्सर भ्रष्टाचार के मामलों के मद्देनजर व्यापक सुधार की गुंजाइश बनी रही, लेकिन नीतिगत तौर पर यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके जरिए अभावग्रस्त बड़े तबके को नाममात्र की राशि या नियंत्रित मूल्यों पर अनाज मुहैया कराया जाता है। आधुनिक तकनीकी के विस्तार के दौर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भी डिजिटल तौर-तरीके अपनाए गए। अपने राज्य से पलायन करके या विस्थापित होकर देश की राजधानी में पहुंचे लोगों के लिए 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' की व्यवस्था भी लागू की गई, ताकि इसका लाभ आम लोगों को मिल सके। विडंबना है कि तकनीकी सुविधाओं से लैस होने के बावजूद अब एक नई समस्या खड़ी हो रही है, जिसकी वजह से बहुत सारे लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अपने हक का राशन उठाने में मुश्किलें पेश आ रही हैं या फिर वे इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं गौरतलब है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन यानी आइएमपीडीएस के सर्वर में तकनीकी दिक्कतों की वजह से पिछले कई महीने से उत्तर प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को दिल्ली में अपने हिस्से का राशन लेने में कई तरह की परेशानी हो रही थी। मगर अब बिहार के राशन कार्ड धारकों को उनके हक का राशन न मिल पाने की शिकायत सामने आई है। यों अलग-अलग राज्यों के करीब चार लाख राशन कार्डधारकों को हर महीने दिल्ली में तकनीकी दिक्कतों की वजह से राशन लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ा है। व्यवस्थागत खामियों की वजह से बहुत सारे राशन कार्डधारक राशन लेने से वंचित रह जाते हैं, क्योंकि दिल्ली में राशन की दुकानों में अनाज खत्म हो चुका होता है। सुविधा में इजाफे और पारदर्शिता के लिए इसमें डिजिटल तंत्र को बढ़ावा दिया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि मशीनों में कभी 'दुबारा प्रयास करें' तो कभी 'लेन-देन विफल' आदि की सूचना आती है। सवाल है कि अगर तकनीकी दिक्कतों की वजह से अभाव से जूझते लोगों के सामने समस्याएं आ रही हैं तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर रहने वालों के सामने फिलहाल और क्या विकल्प है?

## चमोली के जवान दीपेंद्र कंडारी का जम्मू कश्मीर में शहीद

चमोली। सेना में तैनात चमोली जिले के करछूना गांव निवासी हवलदार दीपेंद्र कंडारी जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान बलिदान हो गए। जवान के बलिदान होने की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। चमोली जिले के पोखरी तहसील के अंतर्गत करछूना गांव निवासी दीपेंद्र कंडारी 17वीं बटालियन गढ़वाल राइफल में तैनात थे। बताया जा रहा है कि जम्मू कश्मीर के तंगधार क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान वे बलिदान हो गए। हालांकि दीपेंद्र के बलिदान होने का स्पष्ट कारण भी पता नहीं चल पाया है। दीपेंद्र का परिवार वर्तमान में देहरादून के रतनपुर में रहता है। उनके पिता सुरेंद्र कंडारी सेना से सेवानिवृत्त हैं। बलिदानी दीपेंद्र तीन भाईयों में सबसे छोटे हैं। वे अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने 'आकाश के चैंपियंस' को किया सम्मानित

## नीट और जेईई 2024 में शीर्ष रैंक धारकों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए नकद पुरस्कार प्रदान किए गए


देहरादून(उद संवाददाता)। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले अपने छात्रों को सम्मानित करने के लिए ई दिल्ली के ताज पैलेस होटल में एक भव्य समारोह चैंपियंस ऑफ आकाश'आयोजित किया। इस समारोह का उद्देश्य उन छात्रों को सम्मानित करना था जिन्होंने नीट और जेईई (मेन और एडवांस्ड) परीक्षा 2024 में असाधारण परिणाम प्राप्त किए और टॉप 500 में अपनी जगह बनाई। इस कार्यक्रम में देश भर से एक, दो-वर्षीय और चार-वर्षीय कार्यक्रमों में नामांकित अखिल भारतीय रैंक धारकों की असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। 1,15,484 छात्रों ने उत्कृष्टता के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए प्रतिष्ठित नीट यूजी 2024 के लिए अर्हता प्राप्त की। विशेष रूप से, आकाशियन्स ने शीर्ष रैंक पर अपना दबदबा बनाया, जिसमें 8 छात्रों ने 720/720 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया और एआईआर 01 प्राप्त की, जिससे वे उच्चतम एनईईटी स्कोरर बन गए। इसके अतिरिक्त, 37 छात्रों ने शीर्ष 100 में अपनी जगह बनाई और 339 छात्र सामान्य श्रेणी में शीर्ष 1000 में शामिल थे। एआईआर 01 हासिल करने वाले शीर्ष एनईईटी स्कोरर में मृदुल मान्या आनंद, आयुष नौगरैया, गुनमय गर्ग, अर्घ्यदीप दत्ता, शुभान सेनगुप्ता, आर्यन यादव, पलांशा अग्रवाल और इरम काजी शामिल हैं। असाधारण नीट प्रदर्शन के अलावा, आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आकाश के कुल 3,081 छात्रों ने प्रभावशाली रैंक हासिल करके अपनी सराहनीय क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिनमें से आठ छात्रों ने एआईआर 100 के अंदर रैंक हासिल की।




उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में ऋषि शेखर शुक्ला (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 25), कृष्णा साई शिशिर (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 67) और शामिल हैं। अभिषेक जैन (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 78) शामिल थे। अतिथियों को संबोधित करते हुए श्री मेहरोत्रा ने रैंक धारकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, "हम वास्तव में आपको अपने साथ पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, एक अग्रणी जिन्होंने क्षमताओं पर दृष्टिकोण बदल दिया है, हम सभी को प्रेरित किया है। आज हम अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाते हैं, जिनकी लगन और कड़ी मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं इन उपलब्धियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अपने शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा, यह आयोजन भारत भर में आकाश के दूरदर्शी योगदान के 35 साल पूरे होने का प्रतीक है, जिसने जे.सी. बोस, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और होमी भाभा जैसे भविष्य के राष्ट्र-निर्माताओं को तैयार किया है। जैसे-जैसे हम एआई और प्रौद्योगिकी को अपनाते हैं, हम ऐसे वातावरण बनाना जारी रखते हैं जहां हर बच्चा आगे बढ़ सके और सफल हो सके। बातचीत के दौरान, बोलैंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष श्री श्रीकांत बोला ने रैंक धारकों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी। यहाँ होना और आकाश के चैंपियंस की उपलब्धियों का जश्न मनाना मेरे लिए सम्मान की बात है। दृष्टि आँखों के लिए होती है, लेकिन नजरिया मन के लिए होता है और आपकी उपलब्धियां उस नजरिए को दर्शाती हैं। मेरे जीवन को मैं कर सकता हूँ और मैं करूंगा ने मार्गदर्शित किया है। चुनौतियां आती हैं लेकिन उन्हें पार करना सफलता की ओर ले जाता है। आपकी उपलब्धियां साबित करती हैं कि बड़ी सपने मेहनत और दृढ़ता से साकार हो सकते हैं। मैं माता-पिता को उनकी निष्ठा समर्थन के लिए सलाम करता हूँ। भविष्य के अग्रणी के रूप में, याद रखें कि करुणा और दृढ़ता आपको दूर तक ले जाएगी। बड़े सपने देखते रहें और आगे बढ़ते रहें।" आकाश इंस्टीट्यूट का लक्ष्य छात्रों को शैक्षणिक सफलता हासिल करने में मदद करना है। इसकी राष्ट्रीय शैक्षणिक टीम के नेतृत्व में पाठ्यक्रम और सामग्री विकास और फैक्लटी प्रशिक्षण और निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत इन-हाउस प्रक्रिया है। पिछले कुछ वर्षों में, एईएसएल के छात्रों ने विभिन्न मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सिद्ध चयन ट्रैक रिकॉर्ड दिखाया है।

# बांग्लादेश में हुंकार भरते हिंदू

बांग्लादेश में संक्रमण के इस दौर में पिटते हुए नहीं, बल्कि हुंकार भरते हिंदु दिखाई दे रहे हैं। हिंदुओं का यह बदला रुख न केवल उनके लिए, उनके राष्ट्र का नागरिक बने रहने का अभिमान हैं, बल्कि षरणार्थी या घुसपैठिए की लाचारी से मुक्त बने रहने का स्वाभिमान भी है। उनकी इस भावना को समान देते हुए मुहम्मद यूनुस को कहना पड़ा है कि हिंदु देष के नागरिक हैं, अतएव उनके प्रति हर प्रकार की हिंसा तत्काल बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा भी कि हम ऐसी सरकार का गठन करेंगे, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिष्चित करेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए यह भी कहा कि अगर आपको मुझ पर भरोसा है यह तय करना होगा कि देषभर में कहीं भी किसी पर कोई हमला नहीं किया जाए। यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि आप मेरी बात नहीं सुनते हैं तो यहां मेरी कोई आवष्यकता नहीं है। यह कथन इस बात का संकेत है कि यूनुस अब देष में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भेदभाव एवं अन्याय नहीं देखेंगे। दरअसल यूनुस बुद्धिजीवी होते हुए नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, इसलिए उन्हें तत्काल षेख हसीना या खालिदा जिया की तरह वोट-बैंक के लिए बहुसंख्यक हित साधने की जरूरत नहीं रह गई है। बांग्लादेष में एकाएक तख्तापलट के बाद हालात बद से बद्तर होते दिखाई दिए हैं। नतीजतन पुलिस बलों ने हड़ताल करके 650 थानों में तलाबंदी कर दी थी। इस कारण अराजकतावादी तत्वों को खुली छूट मिल गई और वे बांग्लादेष में रहने वाली लगभग 1 करोड़ 30 लाख की हिंदू आबादी वाली क्षेत्रों में आक्रमक होते दिखाई दिए। अतएव हिंदुओं को अपनी रक्षा के लिए स्वयं आगे आना पड़ा। एक हिंदू महिला के हाथ में हंसिया भी दिखा। यह हंसिया इस बात का प्रतीक रहा कि यदि किसी महिला से दुराचार की कोषिष अताताईयों ने कि तो हिंदू स्त्री देवी दुर्गा की प्रतीक बनकर प्रतिहिंसक के अवतार में आ जाएगी। अपनी संगठन क्षमता दिखाने की दृष्टि से बांग्लादेष में हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व में हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय राजधानी ढाका के षाहबाग में एकत्रित हुए और आगजनी, लूटपाट व हमलों के विरोध में बड़ा प्रदर्षन किया। इस प्रदर्षन में केवल हिंदु ही नहीं थे, बल्कि ईसाई और बौद्ध भी थे। इन लोगों ने हुंकार भरी कि 'हम यहीं पैदा हुए हैं, यहीं मरेंगे। हम अपना देष (जन्मभूमि) छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों व बर्बर हिंसा का साहस के साथ प्रतिकार करेंगे।' बांग्लादेष में तख्तापलट के बाद 64 जिलों में से 52 जिलों में हिंदुओं के खिलाफ 205 हिंसक घटनाएं घट चुकी हैं। कई हिंदुओं के गांव जला दिए गए। नतीजतन लोगों को पलायन करना पड़ा। इस घटना को लेकर बांग्लादेष हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिष्द् ने अंतरिम सरकार के नेता मुहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखकर कहा है कि 'अल्पसंख्यकों में गहरी चिंता और अनिष्चिता है। सरकार को तत्काल ऐसे हालातों को संज्ञान में ले।' संयुक्त राष्ट्र की महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि 'हम बांग्लादेष में जारी हिंसा के बीच हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले के खिलाफ हैं। हम यह तय करना चाहते है कि तुरंत बांग्लादेष में चल रही हिंसा को नियंत्रित किया जाए। हम किसी भी नस्ल आधारित हमले या हिंसा भड़काने के उपायों के विरुद्ध खड़े हैं। हालांकि बांग्लादेष में विद्रोही इतने उग्र है कि वहां की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीष ओबैदुल हसन को प्रदर्षनकारियों के दबाव में इस्तीफा देना पड़ा है। लोग अदालत में घुसते चले गए थे। इस बीच देखने में आया है कि संयुक्त राष्ट्र और मुहम्मद यूनुस तो हिंदुओं की सुरक्षा की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस और विपक्षी दलों के ओंठ सिले हुए हैं। प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने वर्क्तव्य में बांग्लादेष में हिंदुओं की सुरक्षा की न तो कोई बात की और न ही उनका कहीं कोई उल्लेख किया। कांग्रेस की इस मनस्थिति पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'कांग्रेस गाजा और फिलिस्तीन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहां के हालात पर समय-समय पर चिंता जताती है। मगर बांग्लादेष में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अपना मुंह नहीं खोलती है। आखिर कांग्रेस की ऐसी क्या मजबूरी है कि राहुल गांधी को गाजा की तो चिंता है, लेकिन बांग्लादेष में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कोई चिंता दिखाई नहीं दे रही है।' याद रहे कांग्रेस व विपक्ष की इस वोट-बैंक की राजनीति के चलते कष्मीर में आतंक और अलगाववाद बढ़ा, नतीजतन वहां से पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख और बोद्धों को विस्थापन का दंष झेलना पड़ा। क्या कांग्रेस बांग्लादेष में भी हिंदुओं की यही दुर्दषा देखने की इच्छुक है? हिंदूओं पर हमले, मंदिरों और दुर्गा पंडालों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हृदयविदारक घटनाएं पाकिस्तान और बांग्लादेष में आम बात रही है। इन सब के बीच बांग्लादेष में रहने वाले हिंदू समाज की आवाज को मुखर ढंग से उठाया नहीं जा सका है। इसका बड़ा कारण है कि पिछले चार दाष्कों के दौरान वहां से हिंदूओं की आबादी पांच फीसदी घटकर 13.5 से मात्र 8.5 फीसदी रह गई है। बड़ी संख्या में हिंदूओं का पलायन भारत में होता रहा है। बांग्लादेष में रहने वाले हिंदूओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है, राजनीतिक रूप से हषिए पर चला जाना। परंपरागत रूप से हिंदू वोटर बांग्लादेष में सत्तारूढ़ आवामी लीग के समर्थक रहे हैं। प्रधानमंत्री षेख हसीना खुद को धर्मनिरपेक्ष बता कर हिंदुओं को सुरक्षा मुहैया कराने का वादा तो करती रही हैं, लेकिन हमले की घटनाओं पर प्रभावी अंकुष अपने कार्यकाल में कभी नहीं लगा पाईं। हिंदू बांग्लादेष में इसलिए कमजोर हुए, क्योंकि पलायन करके भारत का रुख करते गए। यह पहली बार हुआ है कि बांग्लादेष के सभी अल्पसंख्यकों ने मिलकर विरोध प्रदर्षन किया और वहां की सरकार को देष का नागरिक होने के अधिकार को जताया। यदि हिंदू इसी दृढ़ता से पेष आते रहे तो उन्हें पलायन करके किसी अन्य देष का षरणार्थी बने रहने की जरूरत षायद नहीं रह जाएगी। बांग्लादेष में हिंदुओं पर हमले एक निष्चित पद्धति के अनुसार होते रहे हैं। दंगों के पहले कुछ सामग्री सोषल मीडिया पर पोस्ट की जाती है और इसे इस्लाम के खिलाफ करार दे दिया जाता है। फिर कट्टरपंथी संगठन हिंदुओं पर हमले का फरमान जारी कर देते हैं। इसके बाद हमलों का दौर षुरू हो जाता है। उधर सरकार बस बयानबाजियां करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। ये बात अब अल्पसंख्यक खासकर हिंदू समुदाय भी समझ चुका है। लेकिन राजनीतिक रूप से हाषिए पर होने से कुछ नहीं कर पाते। हिंदू, बौद्ध व सिख अल्पसंख्यकों के निरंतर पाकिस्तान, बांग्लादेष और कष्मीर में संख्यात्मक रूप से कम होते जाने से स्थिति बिगड़ती जा गई है। अफगानिस्तान में भी यही हाल है। कुछ सालों के भीतर अफगानिस्तान से हिंदू और सिख लगभग पूरी तरह पलायन कर गए।






**– प्रमोद भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार**

# कांग्रेस ने बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ फूंका पुतला

बागेश्वर(उद संवादादाता)। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था नही सुधरने, जिला अस्पताल के रेफरल सेंटर बनाए जाने, अस्पताल में व्याप्त असुविधाओं के खिलाफ कांग्रेस के जिला महामंत्री कवि जोशी ने नाराजगी जताते हुए शीघ्र जिला अस्पताल में मरीजों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की अपील की थी, जिसके बाद उन्होंने जल्द स्वास्थ व्यवस्था नही सुधरने जिला अस्पताल को आधुनिक सुविधा से सम्पन्न बनाने के नाम पर पुराने भवन को नया दिखाकर केवल मरम्मत कर सरकार और अधिकारियों पर किसी बाहरी कम्पनी को ऊंचे महंगे दामों के इस्टीमेट बनाकर जनता के पैसे के वारे न्यारे कर कमीशन के नाम पर बंदर बांट करने के आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल के आधुनिकीकरण के नाम पर पुराने भवन को रिपेयरिंग कर करोड़ो की धनराशि का गोलमाल होने और निर्माण में भृस्टाचार होने के आरोप लगाए है।वही पूर्व में चेतावनी देते हुए जल्द मामले की उच्च स्तरीय जांच नही होने पर दस अगस्त को जनप्रतिनिधियों का पुतला दहन करने की चेतावनी दी थी।जिसके बाद शनिवार को कांग्रेस जिला महामंत्री और नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों का एसबीआई तिराहे पर पुतला दहन किया।कवि जोशी ने कहा कि बागेश्वए की गरीब जनता सीमित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम पर बने जिला अस्पताल में इलाज कराने दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं।जबकि कई मरीजों को इलाज करने के बजाय उन्हें रेफर कर दिया जाता हैं जिला अस्पताल में पूर्व में भी समय समय पर लाखों करोड़ों का व्यय अस्पताल में उचित व्यवस्थाओ के लिए खर्च किया गया।जबकि सीमित अस्पताल भवन को जगह जगह तोड़फोड़ कर एक बाहरी कम्पनी को करोड़ो के निर्माण कार्य का ठेका दिया गया है।वही अस्पताल में सफाई व्यवस्था, शुद्ध पानी की व्यवस्था, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, मरीजों के खाने की व्यवस्था आज भी बदहाल है।मंगलवार को ही गरुड़ से एक गर्ववती महिला जिला अस्पताल प्रसव के लिए आई थी जिसे फिर अल्मोड़ा रेफर कर दिया गया जहाँ उसकी मौत हो गई थी जो बहुत ही गंभीर और दु:खद मामला है।आरोप लगाए की यही हाल रक्त जांच,एक्सरे रूम अल्ट्रासॉउन्ड रूम के आगे भी रहता हैँ और यहाँ भी कमीशनका खुला खेल चल रहा हैँ।पुराना मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऑफिस मण्डलसेरा में 22 ट्रांजिस्ट हॉस्टल बनाये गए थे जिसे अभी तक भी शुरू नहीं किया गया है। उन्होने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को साफ साफ शब्दो में बोला है सुधर जाए और चुनावों में किये अपने वादों को निभाये। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में सरकार द्वारा जारी की धनराशि और आवंटित की गई करोड़ो की धनराशि से अतिअत्याधुनिक अस्पताल बन जाने की बात कहते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच और जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की अपील की।वही कवि जोशी ने जल्द जिला प्रशासन और सरकार द्वारा मामले की उच्च स्तरीय जांच कमेटी और मामले की सीबीआई जांच नही कराए जाने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।कहा कि इस तरह जनता के पैसों से कमीशन खोरी कर भृस्टाचार करने वाले अधिकारियों और कार्य कर रही कम्पनी की जांच नही होने तक वे आम जनता के साथ उनके हितों के लिए लगातार आवाज उठाने की बात कही।साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद आंदोलन का विगुल फूंकने की चेतावनी दी है।इस दौरान कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया,छात्र संघ अध्यक्ष राहुल कुमार कुन्दन गोस्वामी,रिजवान खान, जुनेद,जयदीप कुमार,संस्कार भारती, अज्जू, सागर जोशी, प्रकाश वाचमी, पंकज कुमार, पंकज पपोला, प्रेम दानू, राहुल बाराकोटी, दिव्याशु पिंडारी, फिरोज खान,चंदन कोरंगा, उमेश उपाध्याय आदि मौजूद थे।




# हल्द्वानी में भारत विकास परिषद की नई शाखा गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में भारत विकास परिषद् की तीसरी नई शाखा भगत सिंह शाखा का गठन किया गया। नई शाखा का गठन हल्द्वानी शाखा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भारत माता और स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण एवम पुष्प चढ़ा कर वन्देमातरम गायन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील खेड़ा ने नए पदाधिकारियों और सदस्यों को परिषद के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि उत्तराखंड पूर्व प्रांत की यह 21वीं शाखा है और 21 अंक को शुभ अंक माना जाता है। अत: यह 21 वी शाखा बहुत अच्छी चलेगी। नव अधिस्ठापित शाखा के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव अभिषेक गर्ग कोषाध्यक्ष समर्थ अग्रवाल और महिला संयोजिका सीमा बख्शी ने पद की शपथ ली। नवीन शाखा का अधिष्ठापन प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल द्वारा कराया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने कहा कि नई शाखा पूरे मनोयोग और जोश के साथ अपनी मातृ शाखा से कंधे से कंधा मिला कर भाविप के उद्देश्यों सेवा, समर्पण और संस्कार को आगे बढ़ाएगी।कार्यक्रम का संचालन सचिव डा अभिषेक मित्तल द्वारा किया गया। नव मनोनीत अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।महिलाओं द्वारा मनोरंजक कपल गेम भी खिलाए गए। कुल 33 नए सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय द्वारा नव मनोनीत सदस्यों और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शाखा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सचिव महिला विकास पाला मेहता, गीतू केसरवानी, डा अतुल राजपाल, अमित अग्रवाल, डा मोनिका मित्तल, उत्सव चौधरी, नरेंद्र साहनी, दीपक बक्शी, अंकित अग्रवाल, गोला गणपति, मीनू गुप्ता, वैशाली अग्रवाल, रीता साहनी, डा निधी गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, लक्की मानसेरा, सनी विरमानी, एकता सहित कई नए सदस्य उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्र गीत गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




# वंदे मातरम ग्रुप ने किया पौधारोपण

हल्द्वानी । एक पेड़ अपने नाम का अभियान के अंतर्गत वन्दे मातरम् ग्रुप ने कुसुमखेड़ा में पौधा रोपण किया।संस्थापक शैलेन्द्र सिंह दानू ने बताया इस बार उत्तराखंड का तापमान बढ़ा है अगर अभी से पर्यावरण संरक्षण में ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय से पहाड़ो का तापमान भी 50 डिग्री पार होगा। ष्पेड़ लगाओअभियान लगातार जारी है। अभी तक हीरानगर, मुखानी, कुसुमखेड़ा, कमलवागाँजा, आनन्दपुर, पंचायत घर, एचएन स्कूल, एमआईईटी कॉलेज आदि स्थानों में वृक्षारोपण किया गया है और जहाँ भी लोग बुला रहे है संस्था के लोग पेड़ लगाने के लिए पहुँच रहे है। एडवोकेट पीयूष ने बताया पेड़ लगाने हेतु गड्ढे हम करेंगे, पेड़ में हम लायेंगे बस लोगो को उनकी देखभाल करनी है। इस दौरान कपिल राणा, प्रमोद बिष्ट, अक्षत पाठक, प्रांजल जोशी, अभिनव वार्ष्णेय, अमित रावत, दीपक तिवारी, मयंक गोस्वामी आदि मौजूद थे।






## पेज एक का शेष...

**रूड़की में पहचान बदलकर........** में रहने वालों का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। फिर भी खुफिया विभाग और पुलिस लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं, इस बीच एक बड़ी खबर आई है। शनिवार की रात सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित ढंडेरा क्षेत्र में लोगों ने एक दुकान पर एक संदिग्ध व्यक्ति देखा। उसकी बोलचाल से शक होने पर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। पूछताछ के दौरान पहले संदिग्ध पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा लेकिन बाद में पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना मुंह खोल दिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है। उसका नाम और पता रहीमुल (43) पुत्र वात्सुमल निवासी गांव हाकीमपुर, तहसील नूरदीप जिला पावना, राजशाही खुलना, बांग्लादेश है। बांग्लादेशी ने बताया कि वह चोरी छिपे भारत में घुसा है। हालांकि वह कब भारत की सीमा में घुसकर रुड़की पहुंचा है इसके बारे में पुलिस को गुमराह कर रहा है। कभी वह तीन माह पूर्व तो कभी तीन से चार दिन पूर्व रुड़की में आकर रहने की बात बोल रहा है। पुलिस बांग्लादेशी से सख्ती से पूछताछ कर रही है। ताकि पता चल सके कि वह कब भारत की सीमा में घुसा था और कैसे और कब रुड़की में आया है।

**ऐतिहासिक पद यात्रा निकाल बंगाली.........**कल्याण समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर गांगुली, महासचिव आशुतोष राय, कोषाध्यक्ष विकास सरकार, परिमल राय आदि ने सम्बोधित किया। इसके बाद हाथों में तखतियां लेकर हजारों की संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ कट्टरवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पद यात्रा शुरू की। पद यात्रा रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर काशीपुर बाईपास मार्ग, अग्रवाल धर्मशाला रोड़, मुख्य बाजार, नैनीताल रोड़, रोड़वेज स्टेशन, डीडी चौक होते हुए वापस रामलीला मैदान में समाप्त हुई। पद यात्रा में एसपी सरकार, एडवोकेट जीवन राय, पूर्व पार्षद प्रमोद शर्मा,विमल घरामी, समीर राय, नारायण महाजन, शंकर चक्रवर्ती, ममता हालदार, आनन्द सरकार, उत्तम दत्ता, दिलीप अधिकारी, केके दास, दीपक चक्रवर्ती, शुभम दास, मानस बैरागी, गौर चन्द, नन्द शर्मा, फणीन्द्र गाईन, वनहरी विश्वास, रोहित मंडल, अशोक विश्वास, संजय आईस, रमेश विश्वास, अरविन्द विश्वास, रमेश मजूमदार, पंकज दास गुप्ता, सुमित राय, कल्याण सरकार, प्रदीप साह, पिंटू राय, आदित्य, अमित वैद्य, विकास विश्वास, विकास मल्लिक, रंजीत तिवारी, सन्यासी गोलदार, अम्बर मंडल, राहुल सरकार, अरविन्द विश्वास, राधाकान्त सरकार, बुलबुल राय, मलीना विश्वास, अनीमा सरकार, रीता मंडल, जसोदा डे, मोनिका ढ़ाली, प्रीती साना, कविता, जयंति राय, दिव्या साह, गोमती, प्रमिला ढ़ाली, अंजली, शकुंतला, सीमा, पूजा, शालिनी, राधा, कामिनी, मीना शर्मा, नवकुमार साना, श्यामल मंडल, बलाई विश्वास, सुमित राय, गोपाल मजूमदार, अर्जुन विश्वास सहित ट्रांजिट कैम्प, रविन्द्र नगर, जगतपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मुखर्जी नगर, संजय नगर, अरविन्द नगर, राय कालोनी, राजा कालोनी, शिव नगर, विवेक नगर, कृष्णा कालोनी, कल्याणी व्यू, सिंह कालोनी आदि कालोनियों से आये हजारों की संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

**ट्रक के केबिन में मिला.......**नानकमत्ता निवासी बलदेव सिंह पुत्र बंता सिंह का ट्रक के केबिन से शव बरामदहुआ है। मृतक के परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली है। वाहन स्वामी को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। हालाकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

**चलती स्कूटी में लगी आग.........**महिला ने जोर से युवक को आवाज लगाई। जिसके बाद स्कूटी सवार युवक ने स्कूटी में लगी आग की ओर देखा और तत्काल व स्कूटी से उतर गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। यदि समय रहते हुए स्कूटी सवार ने आग को ना देखा होता, तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

**विधायक आवास कूच करते.........**आज श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गांधी पार्क में एकत्रित हुए जहां से पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधायक शिव अरोरा का आवास घेराव को कूच करना था। इसी दौरान कोतवाल मनोहर दसौनी पुलिस बल दके साथ गांधी पार्क पहुंचे और उन्होंने श्रमिक नेताओं कैलाश भट्ट, दिनेश तिवारी, चन्द्र माहन लखेड़ा व दलजीत सिंह आदि से वार्ता की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना सबका दायित्व है। साथ ही पुलिस ने गांधी पार्क से बाहर निकलने वाले सभी गेटों को भी बंद कर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिये। रोषित श्रमिकों का कहना है कि छह मजदूरों को गुंडा एक्ट के तहत भेजे गये नोटिस और दर्ज मुकदमे को तत्काल वापस लिया जाये, डॉल्फिन कम्पनी के गुनाहगारों पर गुंडा एक्ट के साथ मुकदमा दर्ज करें, मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा जनपद में स्थाई उप श्रमायुक्त की तत्काल नियुक्ति की जाये। रोषित श्रमिक नेताओं ने कहा कि एक ओर अपनी न्यायोचित मोगों को लेकर श्रमिक निरंतर आन्दोलन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अधिकारी उद्योगों के प्रबंध तंत्र से मिलकर श्रमिकों के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को नियमानुसार बोनस व ओवर टाईम का भुगतान नहीं किया जाता है। रोषित श्रमिकों ने कहा कि शासन प्रशासन व फैक्ट्री प्रबंधन जिस प्रकार से श्रमिकों का उत्पीड़न कर रहे हैं और आवाज उठाने पर श्रमिकों पर मुकदमें थोपे जा रहे हैं इससे यहां वही स्थिति पैदा हो जायेगी जैसी बांग्ला देश में है। इसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा व तहसीलदार दिनेश कुटौला भी वहां आ गये और उन्होंने रोषित श्रमिकों से वार्ता कर उन्हें उनकी मांगों के समाधान में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। श्रमिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद श्रमिकों ने विधायक आवास कूच कार्यक्रम स्थगित कर दिया। इस दौरान सौरभ पटेल, बसंत गोस्वामी, लोकेश पाठक, मुकुल, गंगा सिंह, गणेश मेहरा, अविलाक सिंह, महेंन्द्र कपूर, संजीव कुमार गुप्ता, केपी गंगवार, स्वामी आधार श्रीवास्तव, देवीदास, अजीत, शिवदेव सिंह, हीरा राठौर, वंदना, सुब्रत विश्वास, रविन्द्र कुमार, हरेन्द्र सिंह, बॉबी पंवार, रामजीत सिंह, ललित मटियाली, लक्ष्मी, रजनी, ममता, विमला, रामबेटी, नीरज, प्रीती, पिंकी, कंचन, सीमा, सुनीता, सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शराब की ओवर रेटिंग पर ताबड़तोड़ छोपेमारी, तीन दुकानों पर ठोका जुर्माना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट के साथ ओवर रेटिंग की शिकायत पर विभिन्न देशी और विदेशी शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग की टीम सहित रामपुर रोड, कालाढूंगी रोड में लोहरियासाल, कुसुमखेड़ा और ब्लॉक के पास विभिन्न देशी और विदेशी मदिरा की दुकानों में छापेमारी की। इस एपी बाजपेई ने बताया कि ओवर रेटिंग में 50-50 हजार का जुर्माना तथा स्टॉक रजिस्टर मेंटेन न करने पर भी जुर्माने की कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी को आख्या भेजी जाएगी। उन्होंने जाने पर 5 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। बताया गया कि बिलिंग मशीन खराब है। अन्य सभी चीजें निरीक्षण में सही पाई गई। एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार ने भीमताल, मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। सभी दुकानों में सीसीटीवी से 4 घंटे पूर्व में की गई खरीदारी एवम उसके सापेक्ष हुए यू पीआई पेमेंट का मिलान करने पर सभी 4 दुकानों में थी। धारी एसडीएम के एन गोस्वामी ने भी तहसील धारी स्थित दुकानों में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शराब खरीद रहे व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान ओवर रेटिंग की पुष्टि गई।





छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन दुकानों में ओवर रेटिंग पाई गई तथा कई दुकानों में सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य खामियां मिली। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने दौरान लोहरिया साल में देशी शराब एवं कुसुमखेड़ा तथा ब्लॉक के समीप विदेशी शराब की दुकान में बियर की बिक्री में ओवर रेटिंग के साथ ही तीनो शराब की दुकानों में स्टॉक रजिस्टर अनुरक्षित पाए गए। सिटी मजिस्ट्रेट बताया कि ओवर रेटिंग के खिलाफ छापेमारी का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उधर उपजिला मजिस्ट्रेट कैंची विपिन पंत द्वारा भी खैरना स्थित शराब की दुकान का निरीक्षण किया गया जिसमे बिलिंग मशीन नही पाए भवाली और नैनीताल स्थित शराब की दुकानों में छापेमारी की जिसमे भीमताल और भवाली में ओवर रेट पर शराब बिक्री करते हुए पाई गई जबकि नैनीताल में ओवररेटिंग नहीं पाई गई। एसडीएम रामनगर राहुल शाह ने अंग्रेजी एवम देशी ओवररेट होने की पुष्टि हुई है। कालाढूंगी में एसडीएम रेखा कोहली ने दो दुकानों में निरीक्षण किया। जहां विदेशी दुकान में ओवररेटिंग और रेट लिस्ट का चस्पा माही पाया गया। देशी दुकान में सिर्फ रेट लिस्ट चस्पा नही हल्दूचौड़ स्थित देशी विदेशी दुकानों में एस डीएम परितोष वर्मा के निर्देशों में तहसीलदार ने छापामारा, जहां कोई कमी नही मिली। वही बेतालघाट में तहसीलदार ने दो दुकानों का निरीक्षण किया जिसमे ओवर रेटिंग को शिकायत पाई गई।

# स्कूटी और बोलेरो की भिड़ंत में युवक की हुई दर्दनाक मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार की दोपहर रामनगर ओर हल्द्वानी मार्ग के छोई के समीप एक बोलेरो वाहन और स्कूटी की हुई जबरदस्त भिड़ंत में स्कूटी सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है की घटना में शामिल बोलेरो वाहन एक पुलिस अधिकारी का बताया जा रहा है वही मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बोलेरो वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके एयरबैग तक खुल गए आपको बता दें कि रामनगर के मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय अर्पित पवार मोहल्ला खताड़ी निवासी वसीम के साथ बैलपडाब से वापस स्कूटी से रामनगर की ओर आ रहे थे इसी बीच छोई के समीप एक बोलेरो वाहन से स्कूटी की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए



जिन्हें रामनगर के सरकारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया जहां चिकित्सकों ने अर्पित पवार को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल वसीम को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया बताया जाता है कि वसीम मित्रता कार्पित के यहां मकान में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था तथा आज यह दोनों टाइल्स लेने के लिए बैलपडाब गए थे वहीं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि बोलेरो वाहन में जो पुलिस कर्मी तैनात थे वह शराब के नशे में थे तथा स्थानीय पुलिस द्वारा इन पुलिस कर्मियों का मेडिकल भी नहीं कराया गया जिसको लेकर परिजनों ने अस्पताल पहुंची पुलिस के सामने जमकर हंगामा करते हुए बोलेरो वाहन में सवार पुलिस कर्मियों का मेडिकल कराने के साथ ही कार्रवाई करने की मांग की है।

# आर्य समाज ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर जताया रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज रूद्रपुर द्वारा बांग्ला देश मे हो रहे हिंदुओ पर अत्याचार पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। प्रात: हवन यज्ञ के पश्चात सभी ने सरकार से निवेदन किया कि इस अत्याचार पर कोई उचित कार्यवाही करे। जिससे बांग्ला देश मे रह रहे हिंदुओ की सुरक्षा हो सके। आर्य समाजियों ने बांग्लादेशियों मे हो



रहे हिंदुओ पर अत्याचार पर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने सरकार से इस अत्याचार पर कोई उचित कार्यवाही की मांग करते हुए हिंदुओं की सुरक्षा की के लिए शीघ्र कदम उठाने की बात कही। ताकि बांग्लादेश में हिंदुओ की रक्षा हो सके। इस मौके पर प्रधान पृथ्वी राज आर्य, मंत्री राजेन्द्र चांदना, कोषाध्यक्ष अमित वासन, अमित आर्य, पंडित प्रभात कुमार आर्य, जवाहरलाल तनेजा, हरिश तनेजा, सतीश तनेजा, रणवीर तनेजा, शशांक गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, भव्य चाँदना, सन्तोष आर्य, रेनू कुकरेजा, विम्मी चाँदना आदि अनेक सदस्य उपस्थित हुए।

# गौशाला का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में नगर निगम के उपनगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक की टीम के साथ गौशाला का निरीक्षण किया गया। उप नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में राजपुरा में 195 गौवंश रखे गए हैं। जिनमें एक टीन शेड का निर्माण कर दिया गया है। जिसमें नंदी गोवंश को रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त एक और टीन शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गायों को रखा जाएगा। गौशाला की एक तरफ की जमीन नीचे होने के कारण बरसात में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है। जिस हेतु नाली का निर्माण कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि जल जमाव की समस्या उत्पन्न है इस हेतु मिट्टी भरान का कार्य आज से शुरू कर



दिया गया है। वहां पर गेट निर्माण का भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और वहां पर पानी की टंकी लगाए जाने का भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे अगले 15 दिनों में इन सभी कार्यों को पूर्ण करके गोवंशों को व्यवस्थित रूप में वहां पर रखा जाना संभव हो पाएगा। लगभग 400 गौवंश को रखे जाने की व्यवस्था की जा सके। इसके अतिरिक्त टीम के साथ गंगापुर कब डाल का निरीक्षण हेतु गए। जिसमें वहां पर प्रथम फेज का कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। द्वितीय को फेज की डीपीआर तैयार कर शासन में स्वीकृत एवं धनराशि आवंटन किए जाने हेतु भेजा जा रहा है। जिसमें दो शेड का और निर्माण किया जाना है उसमें एक बिल्डिंग बनाई जानी है और उसमें दो भूसा रखने के लिए स्टोर का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त गौशाला में लगभग 2500 गायों को रखे जाने की व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में वहां पर 316 गौवंश रखे गए हैं। जिनकी व्यवस्था श्रील नित्यानंद नित्यानंद पाद संस्था द्वारा की जा रही है।

# श्री बालाजी में ठुकराल ने बांग्लादेशी हिन्दुओं की सुरक्षा को लगाई अर्जी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मेहंदीपुर श्री बालाजी धाम में पहुंच कर अपने कई समर्थकों के साथ मेहंदीपुर धाम में श्री बालाजी महाराज, भैरव जी महाराज, प्रेत राज सरकार के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा और बांग्लादेशियों को सद्बुद्धि देने के लिए बालाजी महाराज के समक्ष अर्जी लगाई। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज के धाम पहुंचकर शीश नवाया था और सुख समृद्धि की कामना की थी। पूर्व विधायक ठुकराल ने मेहंदीपुर धाम में पहुंचकर बालाजी महाराज का आभार व्यक्त और सुख समृद्धि की



कामना करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा और बांग्लादेशियों को सद्बुद्धि देने के लिए अर्जी लगाई। इस दौरान उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद थे।